## क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश

**कार्यक्रम का नामः** जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम

**बजट/एफ०एम०आर० शीर्ष (अनुलग्नक 2 के आधार पर):** नवजात शिशु(जन्म के 30 दिनों ) तक के लिये नवजात शिशु की दवाईयों एवं अन्य किसी भी समाग्रियों के लिए।

**बजट क्रम संख्या/एफ०एम०आर० संख्या (अनुलग्नक–2 के आधार पर):** A.1.6.4

**कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण :**
स्वास्थ्य संस्थानों में नवजात शिशु की चिकित्सा के लिये वगत वर्षों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को कार्यान्वित किया गया है जिससे कि बच्चों की तात्कालिक स्तर पर जान बचाई जा सकती है । इसकी प्रकार समुदाय में भी विभिन्न प्रशिक्षणों के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यकर्ताओं को नवजात शिशु की बीमारियों को चिन्हित करने के लिये सशक्त भी किया गया है ।

संस्थानों में यह अवलोकित किया जाता है कि समुदाय के द्वारा रेफर किए गए नवजात शिशुओं की देखभाल में दवाईयों एवं अन्य समाग्रियों के लिये आम जनता की जेब से पैसे खर्च होते हैं जो कि सरकार के संकल्प के विरूद्ध है । अतैव सरकार ने यह निर्णय लिया है सभी स्वास्थ्य संस्थान जहाँ प्रसव होता है और जहां चिकित्सक है वैसी संस्थानों को यह राशि आवंटित की जा रही है ।

**इकाई राशि (रू० में)** :300/–रूपये प्रति नवजात शिशु (बीमार) जन्में बच्चों के लिए।

**वित्तीय दिशा निर्देश** : जिला स्वास्थ्य समिति वैसे सभी स्वास्थ्य संस्थानों को राशि आवंटित करेगी जहाँ प्रसव होता है एवं चिकित्सक भी उपलब्ध है । इस प्रकार के संस्थानों को संस्थागत प्रसव के लिये आवंटित राशि का 10% राशि की गणना कर संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों को राशि आवंटित किया जाए। इसके लिये निम्नलिखित प्रक्रिया से दवाईयों एवं आवश्यक समाग्रियों का क्रय किया जाना है ।

**दवाईयों का क्रयः** बीमार नवजात शिशुओं के लिये आवश्यक दवाईयों की सूची संलग्न की जा रही है जिसे राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा स्वीकृत दर पर क्रय कर उपलब्ध करायेंगे । प्रत्येक नवजात शिशुओं के लिये आवश्यक दवाईयों की अनुपलब्धता का प्रमाण–पत्र के आधार पर स्वास्थ्य प्रबंधक/अस्पताल प्रबंधक यह स्वीकृति देंगे कि संबंधित दवाईयों का क्रय करने का आदेश प्रमाण–पत्र पर ही देंगे । जिसे संचिका में संधारित किया जायेगा । इसके लिये इस पत्र के साथ बीमार नवजात शिशुओं की दवाईयों की सूची का प्रमाण–पत्र देंगे कि उक्त दवाईयाँ भंडार में उपलब्ध नहीं है ।
अस्पताल परिसर के आस–पास की दुकानों के साथ बैठक कर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी इस वित्तीय–दिशा निर्देश के साथ संलग्न दवाईयों के दर पर जो दवा की दुकानें यह लिखित आवश्वासन देती है उसका पैनल तैयार किया जायेगा । यदि कोई दुकान उस दर पर दवा उपलब्ध नहीं करवाती है तो कोई दुकान उस दर पर दवा उपलब्ध हों वहाँ से एक साथ तीन माह के लिये दवा का क्रय किया जायेगा इसके परिवहन का व्यय JSY के Administrative Expenditure के बजट FMR_A.1.4.3 से व्यय किया जायेगा।

इस प्रक्रिया में दो महत्वपूर्ण तथ्यों को देखना अनिवार्य है:
(1) दवा भंडार संधारक का प्रमाण –पत्र की उपर्युक्त दवाईयाँ नहीं है
(2) दवाईयों का क्रय निर्धारित दर पर ही क्रय की गई है ।
उपर्युक्त के आधार पर दवाईयों का क्रय कर किसी भी किसी भी परिस्थिति में स्वयं बच्चों के अभिभावकों को नहीं करना पड़े इसके लिये प्रभारी चिकित्सा/अधीक्षक अस्पताल परिसर में निम्नलिखित सूचना को लिखवायेंगे।

"प्रसूती महिलाओं एवं नवजात शिशु के लिये किसी भी प्रकार की दवाईयों एवं अन्य किसी प्रकार का शुल्क नहीं लगेगा । सभी प्रकार की सेवायें मुफ्त में उपलब्ध है । यदि कोई पैसा लेता है तो दूरभाष संख्या: 9431005972 पर SMS करें ।"

**इस संदर्भ में यदि कोई पत्र पूर्व में प्रेषित किया गया हो (पत्र सं० तिथि के साथ उल्लेखित करें)**

(क) (ख) (ग)

**संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/ सलाहकार का नाम** : गौरव कुमार, उपनिदेशक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य
**संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/ सलाहकार का फोन नंबर** : 9431005972,

SKumar for [illegible]

दवाईयों का दर

# Essential Drug List For Newborn *

| S. NO. | DRUGS | |
|---|---|---|
| 1 | Inj. Adrenaline IP | 0.18% w/v Adrenaline tartrate or Adrenaline Tartrate IP eq. to adrenaline 1 mg / ml; 01 ml in each ampoule |
| 2 | Inj. Amikacin | Amikacin Sulphate IP eq to Amikacin 100mg per 2ml in vials |
| 3 | Inj. Aminophylline IP | Aminophylline IP 25mg/ml in 10 ml ampoule |
| 4 | Inj. Ampicillin IP | Ampicillin Sodium IP eq. to ampicillin anhydrous 250 mg/ vial |
| 5 | Inj. Calcium Gluconate IP | 10%w/v calcium gluconate IP in 10 ml ampoule |
| 6 | Inj. Dopamine | Dopamine 40 mg/ml; 05ml in each ampoule |
| 7 | Inj. Dextrose IP (I.V. Solution) | Dextrose IP eq. to Dextrose anhydrous 10%w/v; 500 ml in each pouch/bottle |
| 8 | Inj. Gentamycin IP | Gentamycin sulphate eq. to Gentamycin10 mg per ml; 02 ml in each vial |
| 9 | Inj. Phenobarbitone IP | Phenobarbitone Sodium IP100 mg / ml; 02 ml in each ampoule |
| 10 | Inj. Phenytoin BP | Phenytoin Sodium IP 50 mg per ml; 02 ml in each ampoule |
| 11 | Inj. Potassium chloride | 150 mg/ml; 10 ml in each ampoule |
| 12 | Inj. Sodium bicarbonate IP | Sodium Bicarbonate IP 7.5% w/v in 10 ml ampoule |
| 13 | Inj. Sodium chloride in IP | Sodium Chloride IP 0.9 % w/v; 500 ml in each pouch/bottle |
| 14 | Inj. Sterile water for IP | Each ampoule containing 5 ml |

This is only an indicative list

S Kumar